जेकेएलयू लॉरीअट अवार्ड समारोह

नौजवानों में बढ़ती हिंसा चिंताजनक

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी की ओर से शनिवार को बिड़ला सभागार में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी को जेकेएलयू लॉरीअट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज के दौर में देश के नौजवानों में हिन्सा बढ़ती जा रही है। ऐसे में युवाओं को सही दिशा शिक्षा के माध्यम से ही दी जा सकती है और समाज में बदलाव, गरीबी मिटाने तथा देश को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा कम कपड़े पहनने में कोई बुराई नहीं है, बल्कि देखने वाले को अपना नजरिया बदलना होगा।

सत्यार्थी ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंट बराक ओबामा और उनकी वाइफ मिशेल ओबामा जब वर्ष 2015 में भारत दौरे पर आए थे तब उनकी मुलाकात राजस्थान की एक बाल सरपंच से हुई थी। मिशेल इस बाल सरपंच के जज्बे की कहानियां सुनी और फिदा हो गईं। हमारा काम देखेंगी। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के चांसलर भरत हरी सिंघानिया और वाइस चांसलर डॉ. आरएल रैना ने भी अपने विचार रखे।